Std-ll(Hindi Lang)

विशेषण

प्रश्न-1) विशेषण किसे कहते हैं?

उत्तर- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं,

उन्हें विशेषण कहते हैं।

जैसे-- नीला आसमान

....

छोटा भाई

....

तीन दोस्त

......

प्रश्न-2) नीचे लिखे वाक्यों में से विशेषण शब्द चुनकर लिखिए:-

I) यह नई पुस्तक किसकी है?

- नई

II) पांँचों अंगुलियांँ समान नहीं होतीं।

- पांँचों

III) लाल रुमाल मेरा नहीं है।

- लाल

Iv) खेत में हरी घास उगी है।

- हरी

v) चतुर लोमड़ी की कहानी पढ़ो।

- चतुर

vI) राजा के पास पांँच सफ़ेद घोड़े हैं।

- पांँच ,सफ़ेद

vII) सचिन ने पीले रंग की कमीज़ पहनी है।

- पीले

vIII) वह लड़का ईमानदार है।

- ईमानदार

Ix) राधा सुंदर लड़की है।

- सुंदर

x) वह लड़की लम्बी है।

लम्बी

xi) उसका घर छोटा है।

छोटा

xii) ये अंगूर खट्टे हैं।

खट्टे

xiii) रोहन गरम दूध पीता है।

गरम

xiv) सुधीर एक आलसी लड़का है।

आलसी

xv) यहाँ चार आम रखे हैं।

चार

प्रश्न-3) विशेषण शब्दों के सामने दी गई सही संज्ञा लिखिए:-

I) आधी – रोटी

II) दो किलो – आम

III) चालाक – लड़का

Iv) प्राचीन – मंदिर

v) कड़वी – दवाई

vI) भला – बालक

vII) सुंदर – लड़की

vIII) नीला – आसमान

IX) सफ़ेद – गाय

x) नई – पुस्तक

प्रश्न-4) खाली स्थानों में उचित विशेषण शब्द भरिए:-

I) कमल का फूल गुलाबी होता है।

....

II) डाकिए की वर्दी खाकी होती है।

....

III) मैं गरम दूध पीता हूंँ।

....

Iv) गाय की पूंँछ लम्बी होती है।

....

v) इमली खट्टी होती है।

......

vI) खजूर का पेड़ लम्बा होता है।

....

vii) गिलास में थोड़ा पानी है।

....

viii) मेरे पास नए खिलौने हैं।

.....